# सेलेक्टिव हाई स्कूलों (चयनात्मक उच्च विद्यालयों) और ऑपर्टूनिटी (सुअवसर) कक्षाओं के लिए एक गाइड (मार्गदर्शिका)

सेलेक्टिव हाई स्कूल और ऑपर्टूनिटी कक्षाएँ विशेषज्ञ स्कूल परिवेश हैं जो **उच्च क्षमता वाले तथा प्रतिभाशाली (गिफ्टिड) विद्यार्थियों** को एक दूसरे के साथ काम करने का अवसर देती हैं।

समान क्षमताओं वाले सहपाठियों के साथ सीखने से विद्यार्थी के अकादमिक विकास एवं कल्याण में सहायता मिलती है।

विद्यार्थी अभी भी NSW पाठ्यक्रम का अनुसरण करेंगे, परन्तु अध्यापक उच्च क्षमता वाले और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए विशेष अध्यापन कार्यनीतियों का प्रयोग कर सकते हैं।

## सेलेक्टिव हाई स्कूल (चयनात्मक उच्च विद्यालय)

4 प्रकार के सेलेक्टिव हाई स्कूल होते हैं:

- **पूर्ण सेलेक्टिव हाई स्कूल** – वे स्कूल जहाँ विद्यार्थियों का चयन प्लेसमेंट टेस्ट के आधार पर होता है
- **आंशिक सेलेक्टिव हाई स्कूल** – वे स्कूल जहाँ चुने गए विद्यार्थियों और स्थानीय क्षेत्र के विद्यार्थियों का मिश्रण होता है
- **कृषि संबंधी सेलेक्टिव हाई स्कूल** – वे स्कूल जो कृषी संबंधी अध्ययन पर जोर देते हैं और सभी विद्यार्थियों का चयन उनकी अकादमिक क्षमता के आधार पर किया जाता है। इनमें से कुछ स्कूल बोर्डिंग सुविधा भी उपलब्ध कराते हैं जहाँ विद्यार्थी स्कूल में रहते हैं
- **Aurora College** – ये ऑनलाइन सेलेक्टिव कक्षाएँ होती हैं। ये ग्रामीण और दूरवर्ती क्षेत्रों में स्थानीय सरकारी हाई स्कूलों में प्रदान की जाती हैं।

## ऑपर्टूनिटी (सुअवसर) कक्षाएँ

ऑपर्टूनिटी कक्षाएँ कक्षा 5 और 6 में पढ़ाई कर रहे उच्च क्षमता वाले और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए हैं। इन्हें पूरे NSW में कई सरकारी प्राईमरी स्कूलों में प्रदान किया जाता है।

Aurora College के माध्यम से ग्रामीण और दूरवर्ती विद्यार्थियों के लिए उनके स्थानीय प्राईमरी स्कूलों में ऑनलाइन ऑपर्टूनिटी कक्षाएँ प्रदान की जाती हैं।

## ये कहाँ स्थित हैं?

सेलेक्टिव हाई स्कूल और ऑपर्टूनिटी कक्षाएँ पूरे महानगरीय, क्षेत्रीय और ग्रामीण NSW में उपलब्ध हैं। अपनी करीब स्कूल देखने के लिए नीचे दिए गए नक्शे देखें।

- ऑपर्टूनिटी कक्षा का पता लगाएँ
- सेलेक्टिव हाई स्कूल का पता लगाएँ

## मुझे कैसे पता चलता है कि यह मेरी संतान के लिए उचित है?

क्या आपकी संतान:

- शिक्षा-प्राप्ति का आनंद लेती है
- में तीव्र जिज्ञासा है
- की याददाश्त अच्छी है
- पेचीदा सवाल पूछती है
- को नई चीज़ें सीखने समय इन्हें दोहराए जाने की आवश्यकता कम पड़ती है
- सोच-विचार करने के रचनात्मक तरीके दर्शाती है
- अपनी रूचि या अभिलाषा के क्षेत्र में गंभीर रूप से ध्यान केन्द्रित करती है?

यदि इनमें से कुछ विकल्प आपकी संतान के लिए उपयुक्त बैठते हैं, तो ऑपर्टूनिटी कक्षा या सेलेक्टिव हाई स्कूल उसके लिए उचित हो सकता है।

## मैं आवेदन कैसे करूँ?

माता-पिता आवेदन अवधि के दौरान इस वेबसाइट पर आवेदन करते हैं: shsoc.education.nsw.gov.au

## ऑपर्टूनिटी कक्षा या सेलेक्टिव हाई स्कूल में 2026 के लिए प्रवेश

2026 के लिए प्रवेश की आवेदन अवधि **7 नवम्बर 2024** से लेकर **21 फरवरी 2025** है।

### जब मैं आवेदन करूँ तो मेरी संतान कौन सी कक्षा में पढ़ती होनी चाहिए?

**ऑपर्टूनिटी (सुअवसर) कक्षाएँ**

माता-पिता उस समय आवेदन करते हैं जब उनकी संतान 2024 में कक्षा 3 के अंत के करीब होती है या 2025 में जब उनकी संतान कक्षा 4 की शुरूआत में होती है।

**सेलेक्टिव हाई स्कूल (चयनात्मक उच्च विद्यालय)**

माता-पिता उस समय आवेदन करते हैं जब उनकी संतान 2024 में कक्षा 5 के अंत के करीब होती है या फिर 2025 में जब उनकी संतान कक्षा 6 की शुरूआत में होती है।

आवेदन प्रक्रिया के बारे में हमारी वेबसाइट पर और अधिक जानें तथा निवास संबंधी आवश्यकताओं के बारे में ऑपर्टूनिटी कक्षाओं के लिए कौन आवेदन कर सकता है और सेलेक्टिव हाई स्कूलों के लिए कौन आवेदन कर सकता है पर जानें।

## प्लेसमेंट टेस्ट (परीक्षा)

आपके आवेदन करने के बाद, आपकी संतान को एक टेस्ट (परीक्षा) देना होगा। इसके बाद विद्यार्थियों को टेस्ट में उनके प्रदर्शन के आधार पर प्लेसमेंट के लिए चुना जाता है।

### टेस्ट कब है?

टेस्ट **शुक्रवार 2 मई** से लेकर **रविवार 4 मई 2025** को 3-दिन की अवधि के दौरान उपलब्ध होगा।

विद्यार्थियों को टेस्ट के एक दिन ही भाग लेना होता है और प्लेसमेंट टेस्ट में भाग लेने के लिए उन्हें अपना कंप्यूटर लाने की ज़रूरत **नहीं** है।

## टेस्ट में क्या शामिल होता है?

टेस्ट यह आकलन करता है कि विद्यार्थी जो पढ़ते हैं उसे वे कितने अच्छे से समझते हैं, तथा टेस्ट गणित का प्रयोग करके तर्क करने और उनके सोच-विचार कौशल का आकलन भी करता है। सेलेक्टिव हाई स्कूल के लिए आवेदकों का उनके राइटिंग (लेखन) कौशल पर भी टेस्ट लिया जाता है।

और अधिक जानकारी के लिए: प्लेसमेंट टेस्ट देखें।

## मुझे मेरी संतान के परिणामों का पता कब चलेगा?

आपकी संतान के टेस्ट (परीक्षा) देने के बाद, आपको टर्म 3 में एक ई-मेल मिलेगी जिसमें उनके टेस्ट प्रदर्शन तथा अगले कदमों के बारे में बताया जाएगा। यदि आपकी संतान को स्थान दिए जाने की पेशकश की जाती है, तो आपको इस बारे में जानकारी मिलेगी कि नामांकन कैसे करना है।

## इक्विटी प्लेसमेंट मॉडल

इक्विटी प्लेसमेंट मॉडल सभी विद्यार्थियों को सेलेक्टिव हाई स्कूलों और ऑपर्टूनिटी कक्षाओं तक निष्पक्ष पहुँच प्राप्त करने में सहायता करता है।

मॉडल के अधीन, प्रत्येक सेलेक्टिव हाई स्कूल और ऑपर्टूनिटी कक्षाओं पर अधिकतम 20% विद्यार्थियों के लिए स्थान उन उच्च क्षमता वाले और प्रतिभाशाली (गिफ्टिड) विद्यार्थियों के लिए आरश्रित रखे जाते हैं जिनका संबंध निम्नलिखित से होता है:

- निम्न सामाजिक-शैक्षिक लाभ क्षेत्रों से
- एबोरिजनल और/या टोरस स्ट्रेट आइलैंडर पृष्ठभूमि से
- ग्रामीण और दूरवर्ती स्थानों से
- जो विकलाँग हों।

आरश्रित स्थानों की पेशकश विद्यार्थियों को प्लेसमेंट टेस्ट में उनके प्रदर्शन के आधार पर की जाती है।

फेयर एक्सेस पर और अधिक जानें।

**NSW के सभी सरकारी स्कूलों में प्रतिभाशाली (गिफ्टिड) विद्यार्थियों की सहायता करना**

सेलेक्टिव हाई स्कूल और ऑपर्टूनिटी कक्षाएँ NSW शिक्षा विभाग द्वारा उच्च क्षमता वाले और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सहायता करने के तरीकों में से बस एक तरीका है।

NSW के सभी सरकारी स्कूलों में उच्च क्षमता वाले और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके संपूर्ण सामर्थ्य तक पहुँचने में सहायता की जाती है। विभाग की उच्च क्षमता एवं प्रतिभाशाली शिक्षा नीति के बारे में और अधिक जानें।

# और अधिक जानकारी की आवश्यकता है?

और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए निम्नलिखित वेबपेज़ देखें।

## माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए वेबपेज़

- **सेलेक्टिव हाई स्कूल और ऑपर्टूनिटी कक्षाएँ**: education.nsw.gov.au/shs-oc
- **सेलेक्टिव हाई स्कूल**: education.nsw.gov.au/shs-yr7
- **ऑपर्टूनिटी कक्षाएँ**: education.nsw.gov.au/oc

## विद्यार्थियों के लिए वेबपेज़

- **विद्यार्थियों के लिए सेलेक्टिव हाई स्कूल और ऑपर्टूनिटी कक्षाओं से जुड़ी जानकारी**: edu.nsw.link/shs-oc-students
- **ऑपर्टूनिटी कक्षा के लिए आवेदन करना**: विद्यार्थी संसाधन केन्द्र: edu.nsw.link/OChub
- **सेलेक्टिव हाई स्कूल के लिए आवेदन करना**: विद्यार्थी संसाधन केन्द्र: edu.nsw.link/SHShub

## सोशल मीडिया

हमारी आधिकारिक विभागीय फेसबुक ग्रुप्स से जुड़ें:

- **सेलेक्टिव हाई स्कूल प्लेसमेंट**: edu.nsw.link/shs-fb
- **ऑपर्टूनिटी कक्षाएँ**: edu.nsw.link/oc-fb

## हमसे संपर्क करें

सेलेक्टिव एजुकेशन युनिट (Selective Education Unit) से यहाँ संपर्क करें:

**ई-मेल**: ssu@det.nsw.edu.au

**फोन**: 1300 880 367

**टेलीफोन दुभाषिया सेवा: 131 450**

यदि आपकी पूछताछ में सहायता के लिए आपको दुभाषिए की ज़रूरत है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को कॉल करें और ऑपरेटर को बताएँ:

- वह भाषा जिसकी आपको ज़रूरत है
- वह फोन नम्बर जिसपर आप कॉल करना चाहते हैं।

ऑपरेटर सेलेक्टिव एजुकेशन युनिट के फोन नम्बर (1300 880 367) पर कॉल करेगा और आपकी बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर जोड़ेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।